पत्रिका स्पोर्ट्स 14

राजस्थान पत्रिका . उदयपुर. शुक्रवार, 30 अगस्त, 2019 . patrika.com

# शैक्षणिक संस्थानों में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

उदयपुर . विद्या भवन गांधी शिक्षा अध्ययन संस्थान में मेजर ध्यानचन्द की 113वीं जंयती के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इसमें प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थी शिक्षकों ने मेजर ध्यानचन्द का जीवन परिचय, खेल संबंधी सामान्य ज्ञान प्रश्न व महाविद्यालय स्तर पर खेल प्रमाण पत्रों की महत्ता को स्पष्ट किया। संस्थान में दो कालांश विभिन्न खेलों का आयोजन हेमन्त त्रिवेदी ने किया।

इधर, आरएनटी मेडिकल कॉलेज के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में भी खेल दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान प्राचार्य डॉ. ललित रेगर, शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. लोकेंद्र सिंह राठौड़, तैराकी कोच रणवीर सिंह जोलावास ने मेजर ध्यानचंद के बारे में बताते मेडिकल कालेज विद्यार्थियों को योग प्राणायाम क्रियाएं सिखाई। बाद में आरएनटी मेडिकल कॉलेज तरणताल पर तैराकी प्रतियोगिता करायी। जिसमें सानिध्य सिंह प्रथम, अर्जुन सीरवी द्वितीय और आदिल खान तृतीय रहे।

इसी तरह, ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन संस्थान में 'खेल प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित हुआ।

इस मौके पर प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा, मुख्य अतिथि डॉ. दिलीप सिंह चौहान, सीए डॉ. हेमन्त सिंह कडूणिया, छात्रसंघ अध्यक्ष शिवदत्त सिंह राव तथा छात्रसंघ सचिव प्रीति सोमिया आदि उपस्थित रहे।

बाद में इस वर्ष खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले शहर के 40 से अधिक निजी व सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन ऐश्वर्या खेल पुरस्कार के लिए किया गया।

दैनिक नवज्योति
6 उदयपुर, शुक्रवार, 30 अगस्त 2019

# कलेक्टर ने बताया, मैं भी रही स्कूल हॉकी टीम की कप्तान



## खेल-दिवस पर प्रदर्शन मैच, ध्यानचंद एकादश विजेता

**उदयपुर।** मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस पर गुरुवार को जिलेभर में विविध आयोजन हुए। खेलगांव में जिला कलेक्टर श्रीमती आनंदी की मौजूदगी में प्रदर्शन मैच हुआ, जिसमें ध्यानचंद एकादश ने मुकाबला जीता। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न स्पर्द्धाओं में उल्लेखनीय योगदान पर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने संस्मरण सुनाए और खिलाड़ियों से कहा कि वह भी अपने स्कूली जीवन में हॉकी टीम की कप्तान रहीं थी।

महाराणा प्रताप खेल गांव खेल अधिकारी ललित सिंह झाला के निर्देशन में हॉकी उदयपुर तथा जिला क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ। हॉकी उदयपुर के सचिव डॉ. कुलदीप सिंह झाला ने जानकारी दी कि महाराणा प्रताप खेल गांव में नवनिर्मित हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर हॉकी प्रदर्शन मैच पुरूष एवं महिला वर्ग का हुआ। महिला वर्ग में बीएन एकेडमी ने एमएमपीएस को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया। पुरूष वर्ग का मैच ध्यानचन्द एकादश बनाम रूप सिंह एकादश के मध्य खेला गया जिसमें ध्यानचन्द एकादश ने दो के मुकाबले तीन गोल से जीत अर्जित की।

समारोह में जिले की हॉकी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले खेल रत्नों का सम्मान किया गया। इसमें राष्ट्रीय अंपायर मोहम्मद हनीफ, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भैरू सिंह राठौड़, वरिष्ठ राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी गुरबचन सिंह, अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में एथलेटिक्स में श्रीमती हमीदा बानो, बॉक्सिंग में सुश्री झलक तोमर, निशानेबाजी में महेन्द्र सिंह, तैराकी में जगदीश तेली, जूडो में चाहत जैन, प्रशिक्षक में तैराकी में महेश पालीवाल, जूडो में हिमांशु राजौरा, बॉक्सिंग में नरपत सिंह चुण्डावत, तीरंदाजी में नरेश डामोर का सम्मान किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हॉकी खिलाड़ियों में विद्या भवन हॉकी क्लब के कृष्णकांत यादव, मीरा हॉकी क्लब की कनिष्का चौहान, बीएन हॉकी एकेडमी के कुलदीप सिंह चुण्डावत, पद्मावती हॉकी क्लब बम्बोरा की सुश्री विद्या राजावत, ईसवाल हॉकी क्लब के पंकज सिंह, विद्या भवन हॉकी क्लब के सुरेश गरासिया, बीएन हॉकी एके-डमी के शैतान सिंह, राउमावि ईसवाल के अभय सिंह राणावत का सम्मान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय पोलो खिलाड़ी विरमदेव सिंह कृष्णावत, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह विशिष्ट अतिथि थे, जबकि अध्यक्षता हॉकी उदयपुर के अध्यक्ष प्रो. दरियाव सिंह चूण्डावत ने की। आभार जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन ने जताया। समारोह में 250 खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप, मेजर ध्यानचन्द की तस्वीर भेंट की गई।

## ध्यानचंद पर बनाई सूक्ष्म पुस्तिका



सूक्ष्म डायरी शिल्प कलाकार चंद्र प्रकाश चित्तौड़ा ने खेल दिवस पर चॉक से हॉकी ट्राफी तैयार की है, जिसमें तिरंगे के रंगों का प्रयोग किया है। साथ ही हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद पर सूक्ष्म पुस्तिका तैयार की है।

**साइकिल रैली निकाल दिया फिट रहने का संदेश:** नेहरू युवा केन्द्र एवं यूथ हॉस्टल खेलगांव के तत्वावधान में ध्यानचंद के जन्मदिवस पर खेलो इण्डिया-फिट इण्डिया कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए फिट इण्डिया कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। फतहसागर की पाल पर फिट रहने का संदेश देती साइकिल रैली को मेयर चन्द्रसिंह कोठारी ने रवाना किया।

**खेल दिवस पर हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह:** ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन संस्थान में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में संक्षेप में बताया। मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ के खेल प्रभारी डॉ. दिलिप सिंह चौहान थे। विशिष्ट अतिथि सीए डॉ. हेमन्त सिंह कडूणिया थे। इस वर्ष खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले शहर के 40 से अधिक निजी व सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को ऐश्वर्या खेल पुरुस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान संस्थान के स्टाफ सदस्यों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें 100 मीटर दौड़, वृक्षासन, संगीतमय कुर्सी दौड़ तथा एक पैर दौड़ प्रतियोगिता प्रमुख थी।

विद्या भवन गांधी शिक्षा अध्ययन संस्थान में मेजर ध्यानचन्द की 113वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थी शिक्षकों ने मेजर ध्यानचन्द का जीवन परिचय, खेल संबंधी सामान्य ज्ञान प्रश्न व महाविद्यालय स्तर पर खेल प्रमाण पत्रों की महत्ता को स्पष्ट किया।

महावीर चेसमैन पब्लिक स्कूल व कम्प्यूटर चाइल्ड एकेडमी में छात्राओं ने मेजर ध्यानचंद के जीवन का परिचय दिया। अध्यापिकाओं ने मेजर ध्यानचन्द्र के गोल्ड मेडल हासिल करने के बारे में बताया। मुख्य अतिथि रेणु चौहान, मीनाक्षी पूर्बिया थी। विधालय निदेशिका श्रीमती लोकप्रिया माली ने खेलों की उपयोगिता बताई।

**खेल दिवस पर मेडिकल छात्रों की तैराकी प्रतियोगिता:** आरएनटी मेडिकल कॉलेज के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में गुरूवार को खेल दिवस का आयोजित हुआ जिसमें मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. ललित रेगर थे। महाविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. लोकेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर थे। तैराकी कोच रणवीर सिंह जोलावास ने मेडिकल कालेज के छात्र छात्राओं को सूक्ष्म व्यायाम, योग, प्राणायाम क्रियाएं सिखाई, तैराकी के विभिन्न कौशलों के बारे में समझाया।

महाविद्यालय के तरणताल पर मेडिकल छात्र-छात्राओं की तैराकी प्रतियोगिता हुई जिसमें सानिध्य सिंह प्रथम, द्वितीय अर्जुन सीरवी एवं तृतीय आदिल खान रहे। तैराकी प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के कोच दिलीप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में हुई।

तैराकी के वरिष्ठ प्रशिक्षक दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि उदयपुर के कई छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर का नाम गौरवान्वित किया है और अब मेडिकल के छात्र-छात्राएं भी तैराकी सीखने में रुचि लेने लगे है जिससे शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है और सारी व्याधियां दूर रहती है। कार्यक्रम का संचालन रणवीर सिंह जोलावास ने किया।



## शिक्षकों ने अपने खर्चे से कराई खेलकूद प्रतियोगिता

कुराबड़ ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयी खण्ड स्तरीय कबड्डी, खो-खो व वॉलीबॉल के छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में किसी तरह के बजट के प्रावधान नहीं होने पर शिक्षकों ने एक अनूठी पहल कर बालकों के भोजन व प्रथम व द्वितीय रहने वाली टीम के बालकों के पुरस्कार पर खर्च होने वाली राशि को अपनी जेब से दिया। ब्लॉक के संस्था प्रधान वाक्पीठ के अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में शिक्षकों ने यह पहल शुरू की। यह प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिछड़ी के खेल मैदान पर हुई जिसमें खो-खो में उप्रावि साठपुर मीणान, कबड्डी में उप्रावि रोडदा व वालीबॉल में उप्रावि मायदा विजेता रही। राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रदेश प्रतिनिधि भैरूलाल गायरी के संयुक्त नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस पर टेलेन्ट एकेडमी फतहपुरा में बैठक कर ताइंक्वांडो खेल हुआ। गायरी ने बताया कि यह खेल विशेषकर बालिकाएं खेलती हैं।